प्यार हुआ साई से

होश नहीं दुनिया का मुझको साई में रहूँ मगन,
प्यार हुआ साई से मुझको साई मेरा भगवान......

मैं तो दीवाना दीवाना साई नाम का दीवाना,
मैं तो परवाना परवाना साई नाम का परवाना,
शिर्डीवाले का दीवाना साई बाबा का दीवाना,
अपने बाबा का दीवाना अपने बाबा का परवाना......

तू ही मेरी आँखों में अब तू ही मेरे मन में,
तुझे छोड़कर ना जाऊंगा और किसी महफिल में,
श्रद्धा है तौरी ओ साई मेरी धड़कन में,
एक तू ही बसा है साई मेरे इस तन मन में........

बैठा हूँ ओ साई एक तुझसे आस लगाए,
पूरे ही दर्शन की मन में ज्योत जगाये,
भूल के दुःख अपना मैं तो साई साई सारे,
जीऊंगा ओ साई अब तो तेरे ही सहारे......

तेरे दर पे रहना है मुझे तेरे दर पे मरना है,
जब तक है ये जान जिस्म में तेरी पूजा करना है,
जीवन की नैया में मेरे खेवैया तुम हो,
इस पापी के पाप धोने की नयी नदिया तुम हो.........

कोई कहे पगला दीवाना कोई कहे मतवाला,
मुझको तो जपनी है अपने साई नाम की माला,
मन में मेरे बसा है मेरा साई भोला भाला,
मैंने तो पिया है अपने साई नाम का प्याला....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31488/title/pyar-hua-sai-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |